प्रेस विज्ञप्ति

अमेरिकी श्रम विभाग (U.S. Department of Labor) | 15 दिसंबर, 2016

साउथ-ईस्ट टेक्सास होटल के कर्मचारी को 40 संघीय वेतन एवं कार्यघंटों की जांच के बाद वेतन, क्षतिपूर्ति के रूप में 285 हजार डॉलर प्राप्त हुए

2017 में, अमेरिकी श्रम विभाग होटल प्रवर्तन पहल को जारी रखेगा

ह्यूस्टन– आइरिस कैस्ट्रो, एक मोटल हाउसकीपर के वेतन पर, ऐसे बजट में रहती है जिसमें घर का खर्चा मुश्किल से चलता है। जब उसके वृद्ध माता-पिता को बीमारी हेतु दवा की जरूरत पड़ती है तो वह अपने स्वदेश होंडुरास में पैसे नहीं भेज पाती। घर वापस लौटने में असमर्थ, उसके पास पिछले दो वर्षों में, उनकी मृत्यु पर शोक प्रकट करने के सिवाय कुछ नहीं था और उनकी देखभाल हेतु सहायता में असमर्थता ने उसके जीवन को शोकाकुल बना दिया।

आइरिस कैस्ट्रो ने बेमॉन्ट इन के लिए प्रत्येक वर्ष लगभग 20,000 डॉलर कमाते हुए 10 वर्ष से अधिक काम किया - जो सिर्फ उनके बिलों के भुगतान हेतु पर्याप्त था। अमेरिकी श्रम विभाग के मजदूरी तथा कार्यसमय प्रभाग की जांच के बाद उन्हें पिछला वेतन और परिसमापन हर्जाना के तौर पर लगभग 13,000 डॉलर प्राप्त हुआ।

कैस्ट्रो साउथ-ईस्ट टेक्सास होटल उद्योग के सैकड़ों निम्न वेतन पाने वाले कर्मचारियों में से एक हैं जिनका अधिक परिश्रम सदैव उचित वेतन के समान नहीं होता। वह उन 125 कर्मचारियों में से एक है जिनको अमेरिकी श्रम विभाग अंतर्गत मजदूरी तथा कार्यसमय प्रभाग (Wage and Hour Division) के क्लीयर लेक जिला कार्यालय (Clear Lake District Office) की जांच-पड़ताल के बाद लाभ मिलेगा। विभाग ने पाया कि केस्ट्रो के नियोक्ता - बेमॉन्ट इन ऑफ गेलवेस्टन (Baymont Inn of Galveston) - उसे अतिरिक्त कार्यघंटे का भुगतान करने में विफल रहा, और परिणामस्वरूप, वह उनके 13,000 डॉलर से लंबित वेतन और परिसमापन हर्जाना का ऋणी है - जो उसकी वार्षित आय का लगभग 20,000 डॉलर के आधा के बराबर है।

दुर्भाग्य है कि वह अकेली नहीं है। ऐसी कहानियां ह्यूस्टन श्रेत्र के होटलों के विश्राम-कमरों में अक्सर सुनी जाती हैं, जिसने 2014 से, लगभग 15 मिलियन पर्यटकों का आतिथेय किया है। फरवरी 2017 में, यह शहर सुपर बाउल LI की मेजबानी करेगा।

2016 के वित्तीय वर्ष में, होटल उद्योग के क्षेत्रीय नियोक्ताओं की विभागीय जांच-पड़ताल में पाया गया कि अतिरिक्त कार्यघंटे काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित कार्यघंटो के आधार पर वेतन दिया जाता है और उन्हें अनिवार्य प्रशिक्षण समय के लिए वेतन नहीं दिया जाता। निरीक्षकों ने यह भी पाया कि नियोक्ता बाल श्रमिक विनियमों का भी उल्लंघन करते हैं जहां अवस्यकों के कार्यघंटे सीमित हैं। कुल मिलाकर, 41 जांच-पड़ताल 125 से अधिक श्रमिकों के लिए पुराने वेतन और परिसमापन हर्जाने के बराबर 285,000 डॉलर की वसूली करेंगे। कैस्ट्रो की तरह, उनमें से कुछ राशि आधे वर्ष से अधिक वेतन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बेटी कैंपबेल, साउथ-वेस्ट में मजदूरी तथा कार्यसमय प्रभाग के क्षेत्रीय प्रशासक ने कहा कि "इस उद्योग में हमारे द्वारा पाए गए उल्लंघन बहुत अधिक सामान्य है। कई श्रमिकों के लिए, हम जिस कोष की वसूली करते हैं वे बहुत महत्वपूर्ण राशि है। इन मामलों की जांच पड़ताल में हमें अभी भी काम करना है। हमारे चल रहे प्रवर्तन पहल में, हम अपने पास उपलब्ध प्रत्येक प्रवर्तन उपकरण जैसे कि प्रशासनिक गवाह सम्मन, परिसमापन हर्जाने और नागरिक दंड नियोक्ताओं के लिए संघीय मजदूरी तथा कार्यसमय कानूनों का पालन करने के लिए प्रोत्साहन हेतु यह सुनिश्चित करना कि श्रमिक प्रत्येक वो पैसा अपने घर ले जा सके जिसे उन्होंने ठीक से कमाया हो।"

हाल की जांच में यह भी पाया गया कि नियोक्ता विभिन्न कार्यस्थलों पर एक ही नियोक्ता के लिए दोहरा काम करने वाले श्रमिकों को सीधे समय के लिए अलग-अलग वेतन देने में असमर्थ रहे हैं। उन्होंने ये भी पाया कि कई नियोक्ता कर्मचारियों के अतिरिक्त कार्यघंटे को सीधे समय पर भावी कार्य-सप्ताह में भुगतान करने हेतु "इकट्ठा" करते हैं। अन्य ने समय-सारणी व पेरोल रिकॉर्ड बनाने और कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल के अधिकारों के विषय में सूचित करते हुए पोस्टर लगाने हेतु निष्पक्ष श्रम मानक अधिनियम (Fair Labor Standards Act) को पालन करने में विफल रहा है।

अमेरिकी श्रम विभाग (U.S. Department of Labor) की समाचार सामग्री http://www.dol.gov पर उपलब्ध है। विभाग का उचित आवास संसाधन केंद्र, विभागीय जानकारी और दस्तावेज़ों को वैकल्पिक प्रारूप में परिवर्तित करता है जिसमें ब्रेल और बड़ा प्रिंट शामिल हैं। वैकल्पिक प्रारूप हेतु अनुरोध के लिए, कृपया (202) 693-7828 (वॉयस) अथवा (800) 877-8339 (संघीय प्रसारण) पर संपर्क करें।

कैस्ट्रो का नियोक्ता, बेमॉन्ट इन कई पहचान योग्य आतिथ्य ब्रांड्स में से एक है जिसने संघीय निरीक्षकों का ध्यान आकर्षित किया। गैलवेस्टन में, उन्होंने बेमॉन्ट इन, सुपर 8 और ट्रेवलॉज होटल स्थानों में उल्लंघनों को पाया।

बेमॉन्ट इन और सुपर 8 होटलों में, 10 हाउसकीपर और रखरखाव श्रमिकों ने लगभग 103,000 डॉलर पुराने वेतन और परिसमापन हर्जाने के रूप में प्राप्त किया।

गैलवेस्टन के ट्रेवलॉज होटल में, 11 हाउसकीपर, फ्रंट डेस्क और रखरखाव श्रमिकों ने लगभग 20,000 डॉलर पुराने वेतन और परिसमापन हर्जाने के रूप में प्राप्त किया।

मजदूरी तथा कार्यसमय प्रभाग (Wage and Hour Division) ने डेटा एवं प्रमाण का प्रयोग अपने स्त्रोतों का रणनीतिक रूप से वहां केन्द्रित किया है जहां उल्लंघन दरें ऊंची हैं लेकिन श्रमिकों द्वारा आवाज उठाना कम है, और प्रवर्तन एवं शिक्षा के मिश्रण का प्रयोग अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए करता है। ह्यूस्टन में, प्रभाग मुख्य नियोक्ता संगठनों को काम में लगाए रखता है और कर्मचारी होटल उद्योग को प्रणालीगत विशेष रूप से पाये जाने वाले उल्लघनों के विषय में शिक्षा देता है, और नियोक्ताओं को भविष्य में अनुपालन में सुधार से अवगत कराने हेतु FLSA अनुपालन सहायक सूचना को प्रदान करता है।

2017 में, प्रभाग द्वारा उद्योग में बढ़ोत्तरी, शिक्षा और प्रवर्तन को साउथ-वेस्ट तथा अधिक शहरों एवं राज्यों में तथा उससे परे बड़े पैमाने पर इन उल्लंघनों का मुकाबला जारी रखने के लिए विस्तार किया जाएगा।

FLSA को गैर-मुक्त कर्मचारियों को किए गए कार्यघंटों के लिए कम से कम संघीय न्यूनतम वेतन 7.25 डॉलर प्रतिघंटा और उनकी नियमित दरों के आधे कमीशन सहित, 40 प्रतिसप्ताह से अधिक कार्यघंटे के लिए बोनस व प्रोत्साहन राशि हेतु भुगतान किया जाना अनिवार्य है। नियोक्ताओं द्वारा सही समय और पेरोल रिकॉर्ड को बनाए रखना भी अनिवार्य है।

संघीय वेतन कानूनों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, मजदूरी तथा कार्यसमय प्रभाग (Wage and Hour Division) के निःशुल्क हेल्पलाइन 866-4US-WAGE (487-9243) अथवा इसके क्लियर लेक जिला कार्यालय के 281-488-0690 पर कॉल करें। यह जानकारी http://www.dol.gov/whd/ पर भी उपलब्ध है।

# # #

मीडिया संपर्क:

चौन्ट्रा रायडॉक्स (Chauntra Rideaux), 972-850-4710, rideaux.chauntra.d@dol.gov
जुआन जे. रोड्रिग्ज़ (Juan J. Rodríguez), 972-850-4709, rodriguez.juan@dol.gov

जारी संख्या: 16-2246-DAL

अमेरिकी श्रम विभाग (U.S. Department of Labor) की समाचार सामग्री http://www.dol.gov पर उपलब्ध है। विभाग का उचित आवास संसाधन केंद्र, विभागीय जानकारी और दस्तावेज़ों को वैकल्पिक प्रारूप में परिवर्तित करता है जिसमें ब्रेल और बड़ा प्रिंट शामिल हैं। वैकल्पिक प्रारूप हेतु अनुरोध के लिए, कृपया (202) 693-7828 (वॉयस) अथवा (800) 877-8339 (संघीय प्रसारण) पर संपर्क करें।